Raj Express, Indore, Sep 05 2012

टीसीएस आईटी विज 2012 इंदौर संस्करण का शुभारंभ

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड स्थित ऑडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित भारत की सबसे बड़ी इंटर स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। टाटा कंसल्टेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस विज 2012 में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 1,000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल हायर सेकेण्डरी स्कूल के पंकज मनचंदा तथा प्रत्युष समल ने विजेता ट्रॉफी और गैलेक्सी नोट जीता तथा एटोमिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल के अभिषेक नाइक तथा पलाश अग्रवाल ने उपविजेता के रूप में उपविजेता की ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पाई। इस क्विज को ख्याति प्राप्त क्विज मास्टर पिकब्रैन गिरिबालासुब्रमणियम ने होस्ट किया था। पुरस्कार हमारे अतिथि डायरेक्टर ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ इंदौर, देअविवि डॉ.जयंत सोनवलकर एवं प्रमोद भार्गव द्वारा वितरित किए गए।